## एक नजर में

### कोर्ट परिसर में लगा विधिक साक्षरता शिविर

**सरदारपुर** ।न्यायालय परिसर सरदारपुर में विधिक सेवा प्राधिकरण धार निर्देशानुसार सरदारपुर तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला जज श्री हेमंत यादव की अध्यक्षता में न्यायालय परिसर सरदारपुर में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में श्री यादव ने मध्यस्थता के ऊपर विस्तृत प्रकाश डाला ।शिविर में द्वितीय जिला जज श्रीमती रश्मि वॉल्टर न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी सरदारपुर सुश्री रूही एजाज मेव अभिभाषक संघ अध्यक्ष कमल किशोर वैष्णव उपाध्यक्ष रामलाल पाटील सहायक सचिव इश्वरलाल पाटीदार बीजे उपाध्याय वीरेंद्र शर्मा दिग्विजय सिंह राठौर भूपेंद्र जोशी प्रवीण शर्मा मनोज काग हरिराम मुनिया भूपेंद्र सिंह भूरिया अनिल भूरिया अंकित कछावा केसी टांक आदित्य जोशी शाहरुख लोधी कैलाश सोलंकी राहुल भूरिया सैयद अशरफ अली आदि एडवोकेट एवं पक्षकारगण उपस्थित थे ।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में सरदारपुर से 26 तीर्थ यात्री कामाख्या देवी के लिए निकलेंगे आज



**सरदारपुर** ।शासन की मुख्यमंत्री तीर्थ योजना के अन्तर्गत कामाख्या देवी दर्शन हेतु सरदारपुर क्षेत्र से 26 तीर्थयात्री इस योजना में शामिल होकर दर्शन लाभ लेंगे। तीर्थयात्री में शामिल सेवानिवृत्त राजस्व पटवारी मोहनलाल गौंड, दिनेशचन्द्र परमार ने बताया कि इस तीर्थ योजना के चलते कामाख्या देवी दर्शन के लिए सबसे पहले तीर्थयात्री जन रविवार सुबह जल्द जिला मुख्यालय धार के लालबाग परिसर में एकत्रित होंगे, इसके बाद इंदौर रेल्वे जंक्शन पहुंचेंगे, यहां से सुबह 10 बजे कामाख्या देवी दर्शन के लिए निकलेंगे। इन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में धार जिले से धार, सरदारपुर, कुक्षी, डही, मनावर, बदनावर पीथमपुर, के यात्रीजन शामिल होंगे। यात्रीजन 3 अप्रेल तक यात्रा पूर्ण करने के बाद प्रशासन द्वारा पुन: गंतव्य स्थान तक छोडा जाएगा। जिसकी तैय्यारिया प्रशासन द्वारा पूरी कर ली गई है।

### मंगलम पब्लिक हाई स्कूल परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा

**अमझेरा** ।स्थानीय शिक्षण संस्थान मंगलम पब्लिक हाई स्कूल ने इस वर्ष भी अपनी श्रेष्ठता को कायम रखते हुए कक्षा पांचवी और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है ।विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है विद्यालय के कई विद्यार्थियों ने उच्च अंक प्राप्त कर अपने माता-पिता और संस्था का नाम रोशन किया है। कक्षा आठवी मैं लक्ष्मी पिता संजय बघेल 85त्न (प्रथम), माहि पिता राजेश वर्मा 83 .50त्न (द्वितीय) और हरीश पिता मनोहर भायल 83 .33त्न (तृतीय) स्थान प्राप्त किया है तथा कक्षा पाचवी में वाणी पिता रितेश सिलवेनिया 85 .50त्न (प्रथम), तनिष्का पिता ठाकुर सिंह किराडे 84 .50 त्न ( द्वितीय) और परिधि पिता राहुल राठौ? 84 .25त्न .( तृतीय) स्थान प्राप्त किया है। विद्यार्थीयों की इस शानदार सफलता पर विद्यालय प्रमुख विशाल हरोड़ और प्राचार्या पूनम हरोड ने सभी छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने शिक्षकों के मार्गदर्शन और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत की सराहना करते हुए सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### पंचकुंडीय यज्ञ, पूर्णाहुति और कन्या भोज के साथ सम्पन्न हुआ धार गायत्री शक्तिपीठ पर चैत्र नवरात्रि उत्सव।



**धार।** धार गायत्री शक्तिपीठ पर नौ दिनों तक चैत्र नवरात्रि पर्व श्रृद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया शनिवार को नवरात्रि उत्सव का समापन पंच कुण्डीय यज्ञ के माध्यम से किया गया ।धार गायत्री शक्तिपीठ के मुख्य ट्रस्टी रमेश चंद्र सचान ने बताया कि शनिवार को पंच कुण्डीय यज्ञ में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल हो कर गायत्री महामंत्र और महामृत्युंजय मंत्र के साथ आहुतियां दी। यज्ञ के दौरान विभिन्न संस्कार भी सम्पन्न करवाए गए। पूर्णाहुति के पश्चात कन्या पूजन और कन्या भोज का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कन्याओं का पूजन किया तत्पश्चात कन्या भोज और भोजन प्रसादी का आयोजन किया गया।

### धार जिले में स्थित 22 कंपोजिट मदिरा दुकानों के निष्पादन के लिए ऑनलाइन ई-टेंडर आज

**धार** ।राज्य शासन के निर्देशानुसार वर्ष 2026-27 (01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक) की अवधि के लिए धार जिले में स्थित 88 कंपोजिट मदिरा दुकानों के एकल समूहों में से पूर्व चरणों में निष्पादन से शेष रही 13 कंपोजिट मदिरा दुकानों के 04 एकल मदिरा समूह एवं 13 एकल मदिरा दुकानो को निष्पादन के नौवे चरण में किया जाएगा। निर्धारित आरक्षित मूल्य पर इन समूहों का निष्पादन ई-टेंडर एवं ई-टेंडर कम ऑक्शन के माध्यम से किया जा रहा है। सहायक आबकारी आयुक्त ने बताया कि ई-टेंडर हेतु ऑनलाइन टेंडर प्रपत्र डाउनलोड एवं ऑफर प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 29 मार्च 2026 को दोपहर 2 बजे तक निर्धारित की गई है। ई-टेंडर कम ऑक्शन प्रपत्र 29 मार्च 2026 को दोपहर 2 .05 बजे से खोले जाएंगे। ऑक्शन की प्रक्रिया 29 मार्च 2026 को अपरान्ह 4 .30 बजे से शाम 5 .30 बजे तक आयोजित होगी। यदि निर्धारित समयावधि के अंतिम क्षणों में बोली प्राप्त होती है, तो प्रत्येक 15 मिनट के अंतराल में समयावधि में वृद्धि की जाएगी। ई-टेंडर संबंधित समूह का ऑक्शन समाप्त होने पर अथवा 29 मार्च 2026 को अपरान्ह 4 बजे (जो भी बाद में हो) खोले जाएंगे। इसके पश्चात जिला समिति द्वारा ई-टेंडर प्रक्रिया का निराकरण किया जाएगा। मदिरा दुकानों/समूहों की सूची, आरक्षित मूल्य, टेंडर फीस, धरोहर राशि एवं अन्य आवश्यक जानकारी कार्यालय सहायक आबकारी आयुक्त, जिला धार से निर्धारित समयावधि में प्राप्त की जा सकती है।

### अवैध रूप से संग्रहित पोषण आहार पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई, दो गोडाउन से भारी मात्रा में राशन जब्त

**धार** ।कलेक्टर प्रियंक मिश्रा के निर्देशन में जिले में शासकीय योजनाओं के राशन के अवैध संग्रहण और हेराफेरी के विरुद्ध जिला प्रशासन द्वारा निरंतर कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में आज महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने नौगांव एवं तिरला थाना क्षेत्रों में ब?ी कार्रवाई करते हुए अवैध रूप से रखे गए टेक होम राशन के बैग जप्त किए हैं ।पुलिस से प्राप्त सूचना के आधार पर जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा तत्काल दो पृथक-पृथक टीमों का गठन किया गया ।इन टीमों को संबंधित थाना क्षेत्रों के पुलिस बल के साथ चिन्हित स्थलों पर जांच हेतु रवाना किया गया ।विभागीय टीम द्वारा नौगांव थाना क्षेत्र के ग्राम आमखेड़ा में श्री कैलाश पिता नंदराम तामकिया के डेयरी फार्म हाउस स्थित गोडाउन की जांच की गई। नजरी गिनती के दौरान यहाँ 44 बोरी पोषण आहार (अ ।क्र) पाया गया। प्रशासनिक दल द्वारा मौके पर पंचनामा तैयार कर गोडाउन को सील कर दिया गया।

# महिला अधिकारी को मार देने की धमकी, आरोपी के खिलाफ पहले भी हुईं शिकायतें

## धामनोद में सनसनी : ऑडियो रिकॉर्डिंग में खुली पोल, मोबाइल लोकेशन से पुष्टि, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

▸ ऑडियो रिकॉर्डिंग में खुली पोल ज़ मोबाइल लोकेशन से पुष्टि ज़ प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल



**धामनोद** । नगर में कानून-व्यवस्था पर बड़ा सवाल खड़ा करने वाला मामला सामने आया है, जहां एक महिला अधिकारी को खुलेआम धमकियां दी गईं, अश्लील गालियों से अपमानित किया गया और जान से मारने तक की चेतावनी दी गई।

जानकारी अनुसार धामनोद नगर परिषद में विगत तीन वर्षों से आरोप प्रत्यारोप का खेल नगर अध्यक्ष प्रतिनिधि और नगर पालिका अधिकारी-कर्मचारियों के बीच लगातार चल रहा है। यहां महिला अध्यक्ष सीमा पाटीदार पदस्थ हैं। इनके पति विष्णु पाटीदार अध्यक्ष प्रतिनिधि हैं, उनकी दबंगई के कारण नगर को अखाड़ा बना चुके हैं। आरोपी विष्णु पाटीदार पर आरोप है कि उसने न केवल महिला अधिकारी को रास्ते में रोका, बल्कि उन्हें और उनके कार्यालय को आग लगाने जैसी गंभीर धमकियां भी दीं।

शिकायत के अनुसार, आरोपी ने हदें पार करते हुए कहा कि यदि उसकी बात नहीं मानी गई तो वह जान से खत्म कर लाश नाले में फेंक देगा। घटना के दौरान आरोपी लगातार अभद्र भाषा का उपयोग करता रहा। मौके पर मौजूद लोगों के हस्तक्षेप के बाद ही स्थिति संभली।

**ऑडियो ने खोली 'दबंगई' की पोल**-मामले में सामने आई ऑडियो रिकॉर्डिंग ने पूरे घटनाक्रम को और गंभीर बना दिया है। रिकॉर्डिंग में आरोपी द्वारा महिला अधिकारी के लिए अपमानजनक, अश्लील और धमकी भरे शब्दों का खुलासा हुआ है। यह ऑडियो अब पुलिस जांच का सबसे मजबूत साक्ष्य बन गया है।



**पहले भी शिकायतें, फिर भी ढील क्यों**-सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब पीड़िता पहले भी आरोपी के खिलाफ शिकायत कर चुकी थी, तो आखिर सख्त कार्रवाई क्यों नहीं हुई? क्या इसी ढिलाई ने आरोपी के हौसले इतने बढ़ा दिए कि वह खुलेआम धमकियां देने लगा?

**लोकेशन और गवाहों से पुख्ता हुआ मामला** -घटना नर्मदा कॉलोनी और महेश्वर रोड क्षेत्र में हुई। पुलिस जांच में मोबाइल सीडीआर और टॉवर लोकेशन से भी यह पुष्टि हुई कि घटना के समय आरोपी मौके पर मौजूद था। गवाहों के बयान भी शिकायत को मजबूती दे रहे हैं।

### ▶ पुलिस ने विभिन्न धाराओं में किया केस दर्ज

पुलिस ने आरोपी के खिलाफकी कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है... धारा 294 (अश्लील गालिया), धारा 506 (जान से मारने की धमकी), धारा 353 (सरकारी कार्य में बाधा), अन्य और भी प्रासंगिक धाराएं, पीड़िता का बड़ा आरोप, महिला अधिकारी माया मंडलोई का कहना है कि वह एक जिम्मेदार पद पर होने के साथ अनुसूचित जनजाति वर्ग से भी हैं। ऐसे में आरोपी द्वारा किया गया व्यवहार केवल व्यक्तिगत नहीं, बल्कि सामाजिक और प्रशासनिक मर्यादा पर सीधा हमला है।

**महिला अधिकारी को जान से मारने और लाश फेंकने की धमकी …**

- अश्लील गालियों और अभद्र भाषा का खुला इस्तेमाल ।
- ऑडियो रिकॉर्डिंग में आरोपी की दबंगई उजागर ।
- पहले भी शिकायतें, फिर भी कार्रवाई नहीं ।
- मोबाइल लोकेशन और सीडीआर से आरोपी की मौजूदगी साबित ।
- पुलिस ने कई धाराओं में मामला दर्ज किया ।

**वो सवाल जो जवाब मांगते हैं**

- क्या प्रशासन की लापरवाही ने आरोपी को इतना बेखौफ बना दिया ?
- अगर पहले ही कार्रवाई होती, तो क्या यह घटना टल सकती थी ?
- क्या महिला अधिकारी भी अब सुरक्षित नहीं ?

# जल शक्ति से नव भक्ति जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ




**सरदारपुर न्यूज़/दसई।** रामनवमी के पावन अवसर पर जल गंगा अभियान के तहत जन अभियान परिषद नवअंकुर संस्था विकासखंड सरदारपुर के समन्वयक कमल मेड के मार्गदर्शन में मां जयंती धाम सेवा समिति दसई द्वारा प्रसिद्ध वृक्ष मंदिर श्री उण्डेश्वर महादेव जयंती धाम में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ के विशिष्ट तिथि क्षेत्रीय आध्यात्मिक प्रवक्ता देवेंद्र पाटीदार चारभुजा रामायण मंडल समाज सेवी सुरेश मंदिर वाला के आथीत्य मे किया गया मां जयंती धाम सेवा संस्था द्वारा उपस्थित सभी ग्रामों से पधारे ग्राम विकास समिति के सदस्यों जयंतीमाता, पदमपुरा हनुमंतिया, दसई का तिलक लगाकर स्वागत किया विशिष्ट अतिथि देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि पर्यावरण का महा संदेश देता इस स्थान पर जल मंदिर का शुभारंभ और जनसेवा बहुत बडा कार्य हे जल संरक्षण वृक्षारोपण भूमि संरक्षण नदी संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की आज महती आवश्यकता है आपाधापी के दौर में पर्यावरणीय सेवा करना शिव भक्ति के समान है मां जयंती धाम सेवा समिति के प्रत्येक पर्यावरण प्रेमी सतत अमूल्य समय श्रमदान सेवा के लिए बधाई के पात्र है जयंती धाम सेवा समिति संस्थापक रामकरण पटेल ने जल गंगा अभियान के तहत जल शक्ति से नवभक्ति जन अभियान परिषद के उद्देश्यों जनकल्याण कार्यो पर विस्तृत से प्रकाश डाला स्थल पर शुभारंभ किया गया आज जल मंदिर गर्मी में सैकड़ों पर्यावरण प्रेमी एवं धर्म प्रेमी भक्तजनो को शीतल जल पीने को यहां पर मिलेगा अध्यक्ष सुरेश भूत ने उपस्थित सभी पर्यावरण प्रेमि मित्रों को सेवा समर्पण के रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं पर्यावरण सेवा का संकल्प दिलाया आयोजन में गोपाल भालोड दशरथ पाटीदार, गोपाल पाटीदार, दिनेश मेडा, रतन बंजारा, प्रताप मेडा ,जयराम कटारा, दशरथकवी बंजारा, सत्यनारायण मारू, मिश्रीलाल मेडा दिनेश पाटीदार ने आयोजन में भाग लिया।


### जल शक्ति से नव भक्ति जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ

**सरदारपुर न्यूज़/दसई।** रामनवमी के पावन अवसर पर जल गंगा अभियान के तहत जन अभियान परिषद नवअंकुर संस्था विकासखंड सरदारपुर के समन्वयक कमल मेड के मार्गदर्शन में मां जयंती धाम सेवा समिति दसई द्वारा प्रसिद्ध वृक्ष मंदिर श्री उण्डेश्वर महादेव जयंती धाम में जल मंदिर प्याऊ का शुभारंभ किया गया शुभारंभ के विशिष्ट तिथि क्षेत्रीय आध्यात्मिक प्रवक्ता देवेंद्र पाटीदार चारभुजा रामायण मंडल समाज सेवी सुरेश मंदिर वाला के आथीत्य मे किया गया मां जयंती धाम सेवा संस्था द्वारा उपस्थित सभी ग्रामों से पधारे ग्राम विकास समिति के सदस्यों जयंतीमाता, पदमपुरा हनुमंतिया, दसई का तिलक लगाकर स्वागत किया विशिष्ट अतिथि देवेंद्र पाटीदार ने कहा कि पर्यावरण का महा संदेश देता इस स्थान पर जल मंदिर का शुभारंभ और जनसेवा बहुत बडा कार्य हे जल संरक्षण वृक्षारोपण भूमि संरक्षण नदी संरक्षण प्रत्येक व्यक्ति की आज महती आवश्यकता है आपाधापी के दौर में पर्यावरणीय सेवा करना शिव भक्ति के समान है मां जयंती धाम सेवा समिति के प्रत्येक पर्यावरण प्रेमी सतत अमूल्य समय श्रमदान सेवा के लिए बधाई के पात्र है जयंती धाम सेवा समिति संस्थापक रामकरण पटेल ने जल गंगा अभियान के तहत जल शक्ति से नवभक्ति जन अभियान परिषद के उद्देश्यों जनकल्याण कार्यो पर विस्तृत से प्रकाश डाला स्थल पर शुभारंभ किया गया आज जल मंदिर भरी गर्मी में दुर दराज से आने वाले सैकड़ो पर्यावरण प्रेमी एवं धर्म प्रेमी भक्तजनो को शीतल जल पीने को यहां पर मिलेगा अध्यक्ष सुरेश भूत ने उपस्थित सभी पर्यावरण प्रेमि मित्रों को सेवा समर्पण के रजत जयंती वर्ष की शुभकामनाएं पर्यावरण सेवा का संकल्प दिलाया आयोजन में गोपाल भालोड दशरथ पाटीदार, गोपाल पाटीदार, दिनेश मेडा, रतन बंजारा, प्रताप मेडा ,जयराम कटारा और अन्य मौजूद थे।


# भजले राम सीताराम जिंदगानी का कोई भरोसा नहीं

### *7 दिवसीय अंखड संकीर्तन की शुरूआत हुई, समापन हनुमान जन्मोत्सव के दुसरे दिवस होगा*



**सरदारपुर** । भजले राम सीताराम जिन्दगानी का कोई भरोसा नहीं, अब सौप दिया है इस जीवन का सब भार तुम्हारे हाथो में, हे हार तुम्हारे हाथो में, हे जीत तुम्हारे हाथो में नगर के पुराने नेशनल हाइवे इन्दौर अहमदाबाद से सटे हुए अति प्राचीन श्रीदादा दयालु खेड़ापति हनुमानजी मन्दिर पर परम्परागत 7 दिवसीय (रामनवमी से हनुमान जन्मोत्सव तक) 24 घंटे दिन-रात अंखड राम-नाम संकीर्तन की शुरूआत शुक्रवार दोपहर 4 बजे से श्रीराम हनुमान भक्तो द्वारा की गई।

मधुर स्वर भजनों के बीच ढोलक की थाप मजिरो के संगम संगीतमय में भक्तजन मंडल भावविभोर होकर झुमने को मजबुर हो रहे हैं। कार्यक्रम आयोजक और मंदिर संचालक द्वारकाप्रसाद गोराणा ने बताया कि अंखड राम-नाम संकीर्तन की परम्परा विगत 90 वर्षो से श्रीदादा दयालु हनुमान सेवक चंगे बाबा और नंदरामजी ठेकेदार के प्रेरणा से चली आ रही है। 24 घंटे संकीर्तन में 12 भजन मंडलियों शामिल है, जो कि 2 - 2 घंटे के अंतराल से शानदार भजनों की प्रस्तुतियां के साथ मंदिर परिसर गुंजायमान है। मंदिर संचालक गोराणा ने बताया कि महिला भजन मंडल का समय दोपहर 12 से 4 बजे है। 7 दिवसीय अंखड राम-नाम संकीर्तन का समापन हनुमान जन्मोत्सव के दुसरे दिवस हवन-पूजन पूर्णाहुति, महाआरती, और महाप्रसादी के साथ किया जाएगा। इधर इस आयोजन के तहत मंदिर परिसर को मनमोहक आकर्षक विधूत साज-सज्जा दी गई है, जो कि आकर्षण का केंद्र रही।

## एक नजर में

### ग्रामीणों के साथ गिरफ्तारी देने पहुंचे थाने पर, नारेबाजी भी हुई

# ग्राम खेलड़ी पथराव मामले में दो युवकों की गिरफ्तारी पर भड़के विधायक बघेल



**कुक्षी।** बीते दिनों समीपस्थ ग्राम खेलड़ी में चूना पत्थर फैक्ट्री के विरोध प्रदर्शन के दौरान हुई पुलिस और ग्रामीणों की झड़प का मामला अब गरमा गया है। 18 फरवरी को पुलिस दल पर हुए पथराव के बाद अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया था।

हाल ही में पुलिस ने वीडियो फुटेज के आधार पर दो युवकों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया है, जिसके विरोध में क्षेत्रीय विधायक सुरेंद्र सिंह हनी बघेल सैकड़ों ग्रामीणों के साथ कुक्षी थाने पहुंचे। विधायक बघेल और ग्रामीणों ने पुलिस द्वारा की गई इस कार्रवाई को एकतरफा बताया। विधायक बोले कि पुलिस गिरफ्तारी का भय दिखाकर ग्रामीणों की आवाज दबाने की कोशिश कर रहा है। थाने पर विधायक के पहुंचते ही आक्रोशित भीड़ ने भारी गहमा-गहमी का माहौल बना दिया। बघेल ने स्पष्ट किया कि ग्रामीण अपनी जमीन और आजीविका बचाने के लिए विरोध कर रहे हैं, जो उनका संवैधानिक अधिकार है ।एसडीओपी सुनील गुप्ता और टीआई राजेश यादव से चर्चा करते हुए विधायक बघेल नें कहा कि प्रशासन सीमेंट कंपनी के अधीनस्थ कर्मचारी की तरह काम कर रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इन दो युवकों को तुरंत रिहा नहीं किया गया, तो 8 गांवों के लगभग 20 हजार प्रभावित लोग थाने पर आकर धरना देंगे। उधर पुलिस नें दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहां दोनों को जेल भेज दिया गया।